## न्यूज फटाफट

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर का सराहनीय प्रदर्शन



**हमीरपुर।** राज्य स्तरीय वैटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला का बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन रहा। हमीरपुर जिला के सचिव प्रदीप ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर जिला से चयनित खिलाड़ी जो कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंडी जिले में हुई उसमें सभी आयु वर्ग में हमीरपुर का अच्छा प्रदर्शन रहा। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मिश्रित युगल वर्ग में पंकज सकलानी एवं बिंदु वर्मा उपविजेता रहे। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हमीरपुर के सुशील एवं गौतम भी उपविजेता रहे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रदीप ठाकुर एवं राजेंद्र शर्मा सेमीफाइनल तक पहुंचें। 40 वर्ष के अधिक आयु वर्ग में प्रदीप ठाकुर एवं पंकज सकलानी भी सेमीफाइनल में संघर्षपूर्ण मुकाबले में हारे। हमीरपुर जिला बैडमिंटन संघ के प्रधान सुशील कुमार सोनी ने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी है। इन प्रतिभागियों को हमीरपुर बैडमिंटन संघ सम्मानित भी करेगा। अब यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### सुजानपुर में छात्रों और शिक्षकों ने किया रक्तदान

**सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में प्राचार्य अजायब सिंह बन्याल के तत्वावधान वीरवार को एनएनएस इकाई द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा 40 यूनिट रक्त का दान किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य अजायब सिंह बन्यालए डॉ. शर्मा, प्रो. संदीप शर्मा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कविता ने रक्तदान किया। चिकित्सा विभाग से डॉ. अमित, कमलेश कुमार तथा अन्य सहयोगी चिकित्सा करमचारियों ने इस शिविर को सफल बनाया। इस शिविर में छात्रों ने प्रिया, कपिल,आयुष कुमार, अभिषेक शर्मा, शिवम, कोमल भारती, अंकित ठाकुर, प्रियांशु, राहुल भाटिया, अंकित, अमित कुमार, तनिषा, अक्षिता, सविता, आकांक्षा, सचिन, ईशा, करण, अक्षित, अभिषेक, नैंसी, मंजीत उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

### धनेटा कॉलेज में विकासात्मक गतिविधियों पर की चर्चा

**नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा जिला हमीरपुर में प्राचार्य प्रोफेसर अश्वनी कुमार राजकीय महाविद्यालय धनेटा की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में दोपहर एक बजे नवनियुक्त अभिभावक, अध्यापक संघ पीटीए कार्यकारिणी की पहली बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में महाविद्यालय के विकास से संबंधित विकासात्मक गतिविधियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निकट भविष्य में कौन-कौन से कार्य अतिआवश्यक है के बारे में भी चर्चा की गई। इस बैठक में कार्यकारिणी के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष अनुराधा, नामित सदस्य सुमन कुमार से युक्त सचिव प्रदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त कार्यकारिणी सचिव प्रो. नीलम जो इस बैठक के संयोजक थे भी उपस्थित रहे।

### भाजपा ने चारों सीटों पर चुने बेहतरीन उम्मीदवार: कौशल



**नादौन।** साईं ट्रस्ट की चेयर पर्सन एवं भाजपा नेत्री कविश्वा कौशल ने वीरवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भाजपा हाईकमान एवं मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा उपचुनावों में चारों अच्छे उम्मीदवारों को प्रत्याशी बनाए जाने पर स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने उचित समय में उचित निर्णय लिया है और इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। कविश्वा ने कहा कि मंडी लोक सभा क्षेत्र से ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर, फतेहपुर विधानसभा से बलदेव ठाकुर, अर्की से रतनपाल, जुब्बल कोटखाई से नीलम सरैक भाजपा के उम्मीदवार हैं यह सभी प्रत्याशी जीतकर आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनाधार अब प्रदेश व देश में खत्म हो चुका है अब जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है विकास की गंगा बह रही है। कांग्रेस पार्टी अपने घर को ही संभाल नहीं पा रही है तो भाजपा प्रत्याशियों से क्या मुकाबला करेगी। कविश्वा ने कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनेगी।

### बड़ा में रामलीला का मंचन शुरू



**नादौन।** उपमंडल नादौन के बड़ा कस्बे में श्रीराम क्लब बड़ा द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। रामलीला के प्रथम दिन श्रवण कुमार के जीवन पर अभिनय किया गया। श्रवण कुमार शांतनु नामक एक साधु के पुत्र थे उनकी माता का नाम ज्ञानवती था जो एक धर्मपरायण स्त्री थी। उनके माता-पिता नेत्रहीन थे। बड़े कष्ट सहकर उन्होंने उनका पालन-पोषण किया था। इसलिए माता-पिता के प्रति उनके मन में अथाह प्रेम और श्रद्धा थी। जब वे कुछ बड़े हुए तो अपने माता-पिता की सेवा में लग गए। वे नदी से पानी भरकर लाते, जंगल से लकड़ियां चुनकर लाते, भोजन तैयार करते और घर के समस्त कार्य करते। माता-पिता की सेवा करना वे अपना परम धर्म मानते थे। इस तरह रामलीला नाटक मंच बडा में पहले दिन का कार्यक्रम किया गया। यह निर्देशक पंडित राजीव शर्मा की अगुआई में हुआ।

### जल्द लागू की जाए आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बनाई गई पॉलिसी

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइंज यूनियन ने प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग से मांग की है कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए 1 जुलाई 2017 को जारी की गई अधिसूचना के तहत बनाई गई पॉलिसी व गाइडलाइंस को लागू करवाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड इंपलाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने यहां जारी एक प्रैस ब्यान में कहा कि जारी की गई पॉलिसी व गाईडलाईन्स के तहत हर महीने के 7 तारीख तक वेतन अदायगी करना, प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक वेतन लागू करना, ईपीएफ व ईएसआई फंड का नियमानुसार कटौती करना, बैंक खातों के माध्यम से वेतन अदायगी करना अनिवार्य है। लेकिन अधिकतर सर्विस प्रदाताओं द्वारा पॉलिसी व गाईडलाईन्स को ठेंगा दिखाते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों का बिजली विभाग समेत अन्य विभागों में भी डट कर शोषण किया जा रहा है।

### कोविड के चलते नादौन में इस बार नहीं होगी रामलीला

**नादौन।** नादौन में दिन के समय मंचित होने वाली ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस बार भी नहीं हो सकेगा। रामलीला कमेटी ने निर्णय लिया है कि कोविड.नियमों को देखते हुए इस बार भी नवरात्रों में रामलीला का मंचन स्थगित कर दिया गया है। हालांकि दशहरे के दिन सांकेतिक तौर पर दशहरा मनाया जाएगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि वीरवार को प्रथम नवरात्रि के दिन रामलीला मैदान में विधिवत पूजा अर्चना की गई। सोनी ने कहा कि मेले के दौरान लगने वाली दुकानें व झूले लगाने की सरकार द्वारा स्वीकृति नहीं है। वही मंचन के दौरान न केवल अधिकांश संख्या में महिलाएं व बच्चे मेला देखने आते हैं बल्कि रामलीला के मंचन में भी अधिकांश बच्चे ही विभिन्न कलाकारों की भूमिका निभाते हैं और अभी तक बच्चों की वैक्सीनेशन भी नहीं हुई है, जिसके चलते खतरा और अधिक बढ़ सकता है।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
**epaper.himachaldastak.com**

## 35 लोग निकले कोरोना पॉजिटिव

**हमीरपुर।** जिला में वीरवार को 35 लोग कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि आरटी-पीसीआर टेस्ट में 18 लोगों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। उन्होंने बताया कि जिला में वीरवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए कुल 466 सैंपल लिए गए, जिनमें से 17 पॉजीटिव निकले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलावासियों से कोरोना संबंधी सभी नियमों एवं सावधानियों की अनुपालना की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति में खांसी-जुकाम और बुखार जैसे लक्षण सामने आते हैं तो वह तुरंत अपने आपको अन्य परिजनों से अलग कर लें तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना चेकअप करवाने के साथ-साथ कोरोना का टेस्ट करवाएं। अगर रिपोर्ट पॉजीटिव आती है तो अपने प्राथमिक संपर्क में आए सभी लोगों का सही ब्यौरा दें तथा उनका भी टेस्ट करवाएं।

# 10 दिन में अपडेट करें खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों का डाटा

**डीसी ने सभी पंचायत सचिवों और खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों को दिए निर्देश**

**राशनकार्ड धारकों का श्रेणीवार डाटा विभागीय जी टू जी पोर्टल पर किया जाएगा अपलोड**

**जिला हमीरपुर में अभी तक 43881 के करीब है लाभार्थी परिवारों की संख्या**

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**उपायुक्त** हमीरपुर देबश्वेता बनिक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रदेश भर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत लाए गए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी श्रेणी व सामान्य श्रेणी के राशनकार्ड धारकों का श्रेणीवार डाटा विभागीय जी टू जी पोर्टल पर अपडेट किया जाना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला हमीरपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थी परिवारों की संख्या 43881 है और इनकी कुल जनसंख्या 1,68,678 है। ग्रामीण क्षेत्रों में राशनकार्ड संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा बनाए जा रहे हैं, जिसके लिए पंचायत सहायकों या पंचायत सचिवों को खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा लॉग इन आईडी जारी किए गए हैं।



अतः ग्रामीण क्षेत्रों में राशनकार्ड धारकों एवं लाभार्थियों की श्रेणी का डाटा ग्राम पंचायत सहायकों व सचिवों द्वारा उनके पास उपलब्ध परिवार रजिस्टर के आधार पर किया जाना है। शहरी क्षेत्रों में यह कार्य खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक करेंगे। उपायुक्त ने सभी विकास खंड अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में राशनकार्ड धारकों का श्रेणीवार डाटा जी टू जी पोर्टल पर आगामी दस दिनों में अपडेट करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों को भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र के शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में चयनित लाभार्थियों का श्रेणीवार डाटा अगले दस दिनों तक हर हाल में पूर्ण करने के आदेश जारी किए हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे राशन कार्ड**

ग्रामीण क्षेत्रों में राशनकार्ड संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा बनाए जा रहे हैं, जिसके लिए पंचायत सहायकों या पंचायत सचिवों को खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा लॉग इन आईडी जारी किए गए हैं। अत: ग्रामीण क्षेत्रों में राशनकार्ड धारकों एवं लाभार्थियों की श्रेणी का डाटा ग्राम पंचायत सहायकों व सचिवों द्वारा उनके पास उपलब्ध परिवार रजिस्टर के आधार पर किया जाना है।

## कांग्रेस में हमीरपुर को बड़ा सम्मान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी राजीव शुक्ला ने प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के लिए एक महत्वपूर्ण प्रदेश चुनाव अभियान समिति का गठन किया है और उन्होंने इस समिति में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व हमीरपुर जिला को बड़ा सम्मान दिया है। इस उच्च स्तरीय समिति में प्रदेश के एकमात्र जिलाध्यक्ष राजेंद्र जार, बड़सर विधायक एवं देश कांग्रेस महासचिव इंद्रदत्त लखनपाल तथा पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अनीता वर्मा को नियुक्त किया जाना हमीरपुर जैसे संवेदनशील जिला की राजनीतिक महत्वता को एक विशिष्ट पहचान देता है। जिला से संबंधित दो प्रदेश कांग्रेस सचिव कमल पठानियां, बलविंदर सिंह, बृजमोहन सोनी और सुदर्शन शर्मा, सुरजीत सिंह तेज नाथ तेज, कृष्ण चंद राजेश चौधरी, चरण दास, नरेश लखन पाल, कैप्टन चमेल सिंह, जुगल किशोर, होशियार सिंह, अशोक ठाकुर, जोगेंद्र, सुभाष वालिया, सुरेश पटियाल, केवल धीमान कैप्टन ज्योति प्रकाश, अंशुल शर्मा, अखिलेश चौधरी, उपरोक्त जिला कांग्रेस नेताओं की प्रदेश चुनाव अभियान समिति में नियुक्ति पर राजीव शुक्ला का बहुत धन्यवाद किया है।

## रीवर राफ्टिंग मैराथन के मिक्स्ड वर्ग में रहा आईटीबीपी का दबदबा



*हमीरपुर। नादौन में आयोजित की जा रही ऑल इंडिया रिवर राफ्टिंग मैराथन सीरीज में वीरवार को आयोजित मिक्स्ड वर्ग की मैराथन स्पर्धा में आईटीबीपी का दबदबा रहा। आईटीबीपी की टीम.सी ने 57 मिनट 44 सेकंड में मैराथन पूरी करके मिक्स्ड वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। बीएसएफ की टीम बी ने दूसरा, आईटीबीपी-बी ने तीसरा, आईटीबीपी-ए ने चौथा, बीएसएफ ने पांचवां, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबंधित खेल संस्थान मनाली की टीम-बी और टीम-ए ने क्रमश: छठा और सातवां स्थान हासिल किया। इनके अलावा कर्नाटक आठवें, अल्टीमेट सरवाईवर नौवें वायु सेना दसवें, वायु सेना-बी ग्यारहवें, हैदराबाद बारहवें, स्थानीय टीम जाल-बी तेरहवें, जाल चौदहवें, अल्टीमेट सरवाईवर-बी पंद्रहवें और पौंग डैम की टीम सोलहवें स्थान पर रही। पर्यटन विकास अधिकारी रवि धीमान ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को पुरुष मैराथन स्पर्धा आयोजित की जाएगी।* **-हिमाचल दस्तक**

## ब्यास नदी में लापता युवक का नहीं लगा कोई सुराग

हिमाचल दस्तक। नादौन

**शहर** में पत्तन के निकट व्यास नदी किनारे बुधवार दोपहर बाद नहाते हुए पानी में डूबे युवक का अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। लगातार दूसरे दिन वीरवार को भी पुलिस द्वारा युवक की तालाश जारी रही जिसमें स्थानीय गोताखोरों व लोगों की मदद ली जा रही है। गौर हो कि बुधवार दोपहर 25 वर्षीय जैल सिंह पुत्र करतार चंद निवासी गांव शासन ज्वालामुखी क्षेत्र नादौन का पत्तन पर नहाने के लिए ब्यास नदी में उतरा था। उसने किनारे पर अपने कपड़े उतार कर नदी में नहाने के लिए छलांग लगाई थी लेकिन जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो आसपास के कुछ लड़कों ने इसकी सूचना ऊपर बाजार में लोगों को दी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पत्तन से पानी के बहाव में बह कर नीचे गुरुद्वारा के सामने तक चला गया, जहां उसने एक बार फिर मुंह पानी से बाहर निकाल कर उसे बचाने की गुहार लगाते हुए आवाज लगाई। वहां नदी किनारे काम कर रही लेबर उसे बचाने के प्रयास में नदी की ओर भागी परंतु तब तक युवक आंखों से एक बार फिर ओझल हो गया। नादौन में घटनास्थल के निकट राफ्टिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों ने भी पानी में काफी देर तक युवक की तलाश की। थाना प्रभारी नीरज राणा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद से ही प्रशासन युवक की तलाश कर रहा है अभी तक उसका सुराग नहीं मिला है।

***नहाने के लिए नदी में उतरा था ज्वालामुखी के शासन का युवक***

## बल्ह-बिहाल से लापता नाबालिग लड़की अलीगढ़ से की बरामद

हिमाचल दस्तक। बड़सर

**थाना** बड़सर के तहत ग्राम पंचायत बल्ह-बिहाल से लापता हुई नाबालिक लड़की को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। मामला दर्ज होने के बाद से ही जांच में जुटी बड़सर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग लड़की को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस नावालिक लड़की व उसे भगाकर ले जाने वाले लड़के को लेकर वीरवार शाम तक बड़सर पंहुचेंगे। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को परिजनों ने बड़सर पुलिस में नाबालिग के रहस्मय परिस्तिथियों में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रात को अपने घर में सोई लड़की के इस तरफ लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस तभी से उक्त लड़की की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने सुराग की तलाश में इलाके के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें क्षेत्र के एक मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में लड़की एक लडके के साथ जाती दिखाई दी थी। पुलिस ने सारी रात साथ लगते क्षेत्रों में उनकी तलाश की लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग के मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर जांच को आगे बढ़ाया, जिसमें पुलिस को कामयावी भी मिल गई।

> **पुलिस** ने लड़की को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। नाबालिग लड़की को ले जाने वाले लड़के को भी बरामद कर लिया गया है।
>
> **-शेर सिंह,** डीएसपी बड़सर

***बड़सर पुलिस को मोबाइल लोकेशन से मिली सफलता***

## हिम-आंचल पेंशनर्स संघ नादौन इकाई ने की बैठक

**नादौन।** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक वीरवार को खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा बैठक की अध्यक्षता में सत्य नारायण मुक्तिधाम मंदिर परिसर, लडहा, गलोड़, जिला हमीरपुर में संपन्न हुई। चर्चा में गई लेने वालों में पूर्व प्रधान पुरुशोतम दास शर्मा, सलाहकार अवनीश कुमार, जुल्फी राम वर्मा, अमरनाथ शर्मा आदि प्रमुख रहे। बैठक में खंड इकाई की कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों के शामिल करने पर चर्चा के साथ संघ की आगामी कार्ययोजना पर मंथन किया व पेंशनरों की समस्यायों पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों बारे सरकार के उदासीन रवैया पर आक्रोश जताते हुए सदस्यों ने सरकार से पेंशनरों की 2016 से पैंशन में संशोधन करने, कैशलैस चिकित्सा की सुविधा स्वीकृत करने तथा लंबित अन्य मांगें पूरी करने की अपनी मांग दोहराई है। उक्त के अतिरिक्त बैठक में जय पाल, जैसी राम, त्रिलोक नाथ गर्ग, प्रकाश चंद, देव राज कौशल, करतार सिंह सहित अन्य पैंशनर उपस्थित रहे।

## सैनिक बोर्ड के डायरेक्टर ब्रिगेडियर ने भोरंज में सुनीं पूर्व सैनिकों की मांगें

हिमाचल दस्तक। भोरंज




**जिला** हमीरपुर के उपमंडल भोरंज के सन स्काई होटल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हमीरपुर व भूतपूर्वक सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपमंडल भोरंज के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि जिला सैनिक बोर्ड के डायरेक्टर ब्रिगेडियर एमएस शर्मा रहे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हमीरपुर संगठन की स्थापना वर्ष 2017 में की गई थी, जिसके प्रेजिडेंट आरसी वर्मा हैं। पूर्व सैनिकों ने उन्हें आने वाली सभी समस्याओं को डायरेक्टर के सामने रखा उन्होंने मांग भी रखी कि उपमंडल भोरंज में कैंटीन छोटी है और सैनिकों की ज्यादा संख्या होने के कारण भीड़ रहती है व पर्याप्त समान भी उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस कैंटीन का दर्जा बढ़ाया जाए व ईसीएचएस की सुविधा भी भोरंज में उपलब्ध करवाई जाए, क्योंकि भोरंज के पूर्व सैनिकों को 40 से 45 किलोमीटर दूर हमीरपुर जाना पड़ता है। वहां आने-जाने और वहां ज्यादा भीड़ होने के कारण पूर्व सैनिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्रिगेडियर शर्मा ने सभी समस्याओं को सुना व उन्हें आने वाली समस्याओं से निपटने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला में 20 हजार से ज्यादा पूर्व सैनिक व उनके आश्रित हैं। भोरंज के पूर्व सैनिकों की जो कैंटीन या ईसीएचएस की मांग है इन्हें आगे सरकार तक पहुंचाया जाएगा। जो भी पूर्व सैनिकों की समस्याएं है उनका हल किया जाएगा। कोई भी पूर्व सैनिक उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर उन्हें मिल सकता है।

***जल्द दिक्कतों का समाधान करने का दिया आश्वासन***

## स्कूल निरीक्षण में हमीरपुर निरीक्षण विंग बना सरताज

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिला के स्कूल निरीक्षण विंग की कार्यप्रणाली को प्रदेश में रोल मॉडल रूप में देखा जा रहा है। निरीक्षण प्रक्रिया में स्कूल निरीक्षण विंग हमीरपुर ने इस सत्र 714 निरीक्षण हुए, जिनमें 599 ऑनलाइन निरीक्षण, 71 औचक निरीक्षण व 44 नियमित निरीक्षण शामिल थे जिसमें अनेक सराहनीय कार्यों का जिक्र भी शामिल किया गया। शिमला में 6 अक्तूबर को निदेशक उच्च शिक्षा व सह-निदेशक स्कूल निरीक्षण ने जिला हमीरपुर निरीक्षण विंग उप-निदेशक जगदीश कौशल की उस प्रस्तुति को खूब सराहा, जिसमें कोविड के दौरान भी निरीक्षण कार्य को पूरी ऊर्जा से किया गया और नवाचार, प्रयोग और सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों के कार्यों को प्रोत्साहित करने का जिक्र है। बडियार स्कूल के शिक्षक अनिल कुमार व सज्जन कुमार ने अपने स्कूल में एक लाख 67 हजार कीमत के इंटेलीजेंट इंटरएक्टिव पैनल जनसहयोग व स्वयं दान करके खरीदा और इससे ऑनलाइन शिक्षा की तस्वीर बदल डाली। स्कूल का नामांकन भी इस प्रयोग से 30 से बढ़कर 90 के करीब हो गया और निरीक्षण विंग ने इनकी सराहना की। घंगोट स्कूल के टीजीटी कला शिक्षक विजय हीर ने कोविड में कक्षा 6 से 10 की ई-पाठ योजनाएं बनाकर देशभर में शेयर की व 1200 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन शिक्षक कोर्स अनेक भाषाओं में करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया। स्कूली बच्चों को रीड एलोंग एप से बच्चों को सही पढ़ने में निपुण बनाया और पक्षी दाना-पानी कोना, पक्षी आवास, भाषा संगम, भारत दर्शन, सांस्कृतिक कार्ड, विद्यार्थी पोर्टफोलियो जैसे नवाचार करके शिक्षा को प्रभावी बनाया। भोटा स्कूल के सीएचटी संदीप ने कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम सीरीज बनाई और 5 मोबाइल स्वयं और 2 मोबाइल स्टाफ से दान करवाते हुए 20 बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ा। हमीरपुर बाल स्कूल के टीजीटी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों की प्रोफाईल्स बनाकर सबको जरूरत अनुसार पढ़ाया और विद्यार्थी प्रगति समीक्षा से जुड़े नवाचार किए। कौशल ने बताया कि कोविड उपरांत पहली बार निदेशक उच्च शिक्षा ने सारे शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर हमीरपुर जिला के निरीक्षण विंग कार्य को परखते हुए इसे आदर्श व अनुकरणीय बताते हुए शिक्षकों के नवाचार व सराहनीय कार्यों की व्यापक प्रस्तुति बनाने हेतु कहा ताकि प्रदेश के अन्य जिलों को भी प्रेक्टिस करने हेतु प्रेरित किया जा सके।

***विजय हीर ने दर्ज किया वर्ल्ड रिकॉर्ड***

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड** INOX WIND

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com

**शेयरधारकों हेतु 8वीं असाधारण आम बैठक तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की **आठवीं असाधारण आम बैठक (ईजीएम) शुक्रवार, 29 अक्टूबर, 2021 को 12:00 बजे दोपहर (भारतीय मानक समय)** पर, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, **विडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से** आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही ईजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

8वीं ईजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई हैं जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 22 अक्टूबर, 2021 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु ईजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, सीडीएसएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार (ई–वोटिंग सुविधा हेतु) कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आंकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

| विवरण | दिनांक |
| --- | --- |
| सूचना का प्रेषण पूर्ण होने की तिथि | अक्टूबर 7, 2021 |
| रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय | अक्टूबर 25, 2021, प्रातः 9:00 बजे |
| रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय | अक्टूबर 28, 2021, सायं 5:00 बजे |
| ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि | अक्टूबर 29, 2021 |
| परिणाम के घोषणा की तिथि | ईजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर |

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने/भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/अद्यतन करने हेतु ईजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु ईजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013, ईमेलः helpdesk.evoting@cdslindia.com, दूरभाषः 022–23058542/43, से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
**दीपक बांगा**
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 7 अक्टूबर, 2021